10

Date __/__/____ Page No.: ______

पाठ - 1

## एक किरण आई - छाई

प्र०1 दुनिया मे निराली ज्योति किसने फैला दी ?

उ० दुनिया मे निराली ज्योति सूर्य ने फैला दी।

प्र०2 किरणों के आने की दिशा कौन - सी है ?

उ० किरणो के आने की दिशा पूरब है।

प्र०3 कौन किरण की तरह बनकर धरती पर प्रकाश फैला सकते है ?

उ० आज के बच्चे किरण की तरह बनकर धरती पर प्रकाश फैला सकते हैं।

प्र०4 कवि हमसे किरण बनने के लिए क्यो कह रहा हैं ?

उ० कवि किरण बनकर दुनिया मे ज्योति फैलाने, सवेरा लाने, फूलों के मुसकुराने, तथा दुनिया मे नया जीवन लाने आदि गुणों के कारण किरण बनने के लिए कह रहा है।

प्र०5 पेडो पर किरण का क्या प्रभाव पडता है ?

उ० जब पेड़ो पर सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो उसकी हरी- हरी पत्तियाँ, डालियाँ सभी सुनहरे रंग में रंग जाती है।

Date ___/___/______ Page No.: ______

प्रश्न किरण के आते ही भौंरे क्यों गुंजार करने लगते है ?

उत्तर किरण के आते ही फूल खिलकर मुसकाने लगते हैं। तभी भौंरे फूलों के ऊपर गुंजार करने लगते हैं।

-> शब्दार्थ लिखो !-

-> कठिन शब्द लिखो !-

-> पूर्ण अभ्यास कार्य :-

Chitra

Date __/__/__ Page No.:

पाठ - 2 'चतुर हंस'

प्र०1 हंस कहाँ निवास करते थे ?
उ० हंस जंगल मे एक घने विशाल वृक्ष पर निवास करते थे।

प्र०2 बूढ़े हंस की क्या विशेषता थी ?
उ० बूढ़ा हंस अत्यंत चतुर और दूरदर्शी था।

प्र०3 दूसरे हंसो मे क्या कमी थी ?
उ० दूसरे हंसो में दूरदर्शिता की कमी थी।

प्र०4 जाल से निकलने का उपाय किसने बताया ?
उ० जाल से निकलने का उपाय बूढ़े हंस ने बताया।

-> लिखित :-

प्र०1 वृक्ष पर लिपटी लता को देखकर बूढ़े हंस ने क्या कहा ?
उ० वृक्ष पर लिपटी लता को देखकर बूढ़े हंस ने कहा, "इस लता को नष्ट कर दो, नहीं तो यह लता एक दिन हमारी मृत्यु का कारण बनेगी।"

प्र०2 सभी हंसो को किस बात पर विश्वास नही हुआ ?
उ० सभी हंसो को बूढे हंस की बात पर विश्वास नही हुआ कि "यह छोटी-सी लता मृत्यु का कारण कैसे बन सकती है ?"

प्र०3 सभी हंस दुखी और लज्जित क्यों हुए ?
उ० सभी हंस बूढे हंस की बात न मानने के कारण दुखी और लज्जित हुए।

Date __/__/____ Page No.: ______

प्र.5 बूढ़े हंस ने जाल से छुटकारा पाने का क्या उपाय बताया ?

उ. बूढ़े हंस ने जाल से छुटकारा पाने का उपाय बताया - "कल प्रातःकाल जब बहेलिया तुम सबको पकड़ने आएगा, उस समय मरने का नाटक करना, इस पर वह तुम्हें एक-एक कर नीचे रखेगा। आखिरी हंस जब नीचे ज़मीन पर रख दिया जाएगा तब मैं विशेष ध्वनि संकेत करूँगा और तुम सभी एक साथ उड़ जाना।"

5 बहेलिया क्या देखकर आश्चर्यचकित रह गया ?

सभी हंसो को एक साथ उड़ता हुआ देखकर बहेलिया आश्चर्यचकित रह गया।

Date __/__/____ Page No.: ____

पाठ - 3 'हार की जीत'

→ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) खड्गसिंह कौन था? वह बाबा भारती के पास क्यों आया था?

उ॰ खड्गसिंह एक डाकू था। वह बाबा भारती के पास उनका घोड़ा लेने आया था।

(ख) खड्गसिंह ने बाबा भारती से घोड़ा किस प्रकार लिया?

उ॰ खड्गसिंह ने बाबा भारती से घोड़ा अपाहिज बनकर लिया।

(ग) बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की?

उ॰ बाबा भारती ने खड्गसिंह से घोड़े को छीनने की घटना किसी को न बताने की प्रार्थना की।

(घ) खड्गसिंह के कानों में बाबा भारती के कौन-से शब्द गूँज रहे थे?

उ॰ "अब कोई किसी गरीब पर विश्वास नहीं करेगा।" ये शब्द खड्ग सिंह के कानों में गूँज रहे थे।

Date __/__/____ Page No.: ______

पाठ -५ 'हार की जीत'

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(क) बाबा भारती अपने घोड़े को क्या कहकर पुकारते थे ?

उ. बाबा भारती अपने घोड़े को सुलतान कहकर पुकारते थे।

(ख) बाबा भारती अपने घोड़े को देखकर क्या अनुभव करते थे ?

उ. बाबा भारती अपने घोड़े को देखकर ऐसा अनुभव करते थे, जैसे एक माँ को अपने बेटे को और किसान को अपने लहलाते खेत को देखकर आनंद प्राप्त होता है।

(ग) बाबा भारती के घोड़े में क्या विशेषताएँ थी ?

उ. उनके घोड़े के समान सुंदर और बलवान घोड़ा इलाके भर में न था।

(घ) घोड़े को देखकर खड़्गसिंह ने क्या कहा ?

उ. "बाबा जी! मैं यह घोड़ा आपके पास नही रहने दूँगा।"

(ङ) घोड़े को अस्तबल में बँधा देखकर बाबा भारती ने क्या कहा ?

उ. "अब कोई गरीबो की सहायता से मुँह न मोड़ेगा।

Chitra

"In a gentle way, you can shake the world." –Mahatma Gandhi

हिन्दी II

Date __/__/__ Page No.:

पाठ 5 गुरू द्रोण

प्र.1 कौरवों और पांडवो के गुरु कौन थे?
उ. कौरवों और पांडवो के गुरू द्रोणाचार्य थे।

प्र.2 गुरूद्रोण ने राजकुमारों को क्या पाठ पढ़ाया?
उ. गुरूद्रोण ने राजकुमारो को 'क्रोध मत करो।' का पाठ पढ़ाया।

प्र.3 किस राजपुत को गुरू का पाठ याद नहीं हो रहा था?
उ. युधिष्ठिर को गुरू जी का पाठ याद नहीं हो रहा था।

प्र.4 युधिष्ठिर के जीवन से क्या शिक्षा मिलती है?
उ. हमें अपने क्रोध पर काबू रखना चाहिए।

Date ___ Page No.: ___

पाठ - ५ 'गुरु द्रोण'

प्र.1 कुएँ से गेंद किस प्रकार निकाली गई ?

उ० कुएँ से गेंद निकालने में गुरु द्रोणाचार्य ने सहायता की। उन्होंने अपने बाणों की सहायता से गेंद को कुँए से बाहर निकाला।

प्र.2 युधिष्ठिर को किसको मारा और क्यो ?

उ. युधिष्ठिर को पाठ याद न करने के कारण गुरु द्रोणाचार्य ने मारा।

प्र.3 गुरु द्रोण की आँखो मे आसुँ क्यो आ गए?

उ. "गुरुदेव, आप मुझपर डंडे बरसा रहे थे और मैं प्रयत्न कर रहा था कि मुझे क्रोध न आए। और अंत में मैं अपने क्रोध पर काबू पाने मे सफल हो गया - मुझे पाठ याद हो गया।" युधिष्ठिर की बात सुनकर गुरु द्रोण की आँखो में प्रेम के आसुँ छलछला आए।

प्र.4 गुरु जी ने युधिष्ठिर को क्या आशीर्वाद दिया ?

उ. गुरु जी ने युधिष्ठिर को आशीर्वाद दिया - "बेटा युधिष्ठिर! सही पाठ तो तूने ही याद किया है। सत्य और धर्म की रक्षा करता हुआ तू इतिहास मे अमर होगा। मेरा आशीर्वाद सदा तेरे साथ है।"

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) कवि हमसे किरण बनने के लिए क्यों कह रहा है?

(ख) पेड़ों पर किरण का क्या प्रभाव पड़ता है?

(ग) किरण के आते ही भौंरे क्यों गुंजार करने लगते हैं?

2. निम्नलिखित में से जो-जो धरती पर 'जीवन की किरण' फैलाते हैं, उनके सामने (✓) का चिह्न लगाइए-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अध्यापक | ✓ | डॉक्टर | ✓ | डाकू | | महात्मा | ✓ |
| सच्चा मित्र | ✓ | परोपकारी | ✓ | लुटेरा | | शिकारी | |

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

एक किरण बन तुम भी फैला दो दुनिया में जीवन,

चमक उठे सुंदर प्रकाश से इस धरती का कण-कण।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए-

(क) दुनिया = द् + उ + न् + इ + य् + आ

(ख) सुनहरा = स् + उ + न् + अ + ह् + अ + र् + आ

(ग) पूरब = प् + ऊ + र् + अ + ब् + अ

(घ) फूल = फ् + ऊ + ल् + अ

2. संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द 'विशेषण' कहलाते हैं।

दिए गए शब्दों के साथ कविता के आधार पर विशेषण जोड़िए-

(क) ज्योति निराली

(ख) रंग सुनहरे

(ग) सवेरा सुखद

(घ) पवन सुगंधित

(ङ) प्रकाश सुंदर

3. दिए गए शब्दों को वर्णमाला के क्रम के अनुसार लिखिए-

बहना, पत्ती, पवन, फूल, प्रकाश

पत्ती ______ प्रकाश ______ पवन ______ फूल ______ बहना

4. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

पवन - हवा वायु

फूल - पुष्प सुमन

दुनिया - संसार विश्व

धरा - पृथ्वी बसुंधरा, भूमि


## पाठ से आगे

-> छात्र स्वयं करें।

1. दिशाएँ कितनी होती हैं? उनके बारे में कक्षा में चर्चा कीजिए।

2. अपनी सुबह से लेकर रात तक की दिनचर्या को अपनी कॉपी में लिखिए।

3. दिए गए चित्र में रंग भरकर उसके बारे में दो-दो वाक्य लिखिए-





(ग) सभी हंस दुखी और लज्जित क्यों हुए?
(घ) बूढ़े हंस ने जाल से छुटकारा पाने का क्या उपाय बताया?
(ङ) बहेलिया क्या देखकर आश्चर्यचकित रह गया?

2. निम्नलिखित कथन किसने-किसससे कहा?

| कथन | किसने | किससे |
| --- | --- | --- |
| (क) "इस लता को नष्ट कर दो, नहीं तो यह लता एक दिन मृत्यु का कारण बनेगी।" | बूढ़े हंस ने | अन्य हंसों से |
| (ख) "यह छोटी सी लता मृत्यु का कारण कैसे बन सकती है?" | युवा हंस ने | बूढ़े हंस से |
| (ग) "तुम बूढ़े और चतुर ज़रूर हो किंतु अपनी बुद्धि से हमें डराना चाहते हो।" | तीसरे हंस ने | बूढ़े हंस से |

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

सम्मान - हमें बड़ों की बात का सम्मान करना चाहिए।
शिकारी - शिकारी ने हंसों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।
सुझाव - बूढ़े हंस ने अन्य हंसों को सुझाव दिया।
मज़बूत - मजबूत लता को नष्ट करना हंसों के वश में नहीं था।

## भाषा-बोध

1. दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-

बूड़े - बूढ़े
हंश - हंस
सीड़ी - सीढ़ी
चड़ने - चढ़ने
पकढ़ - पकड़
ड़राना - डराना
बिक्षे - वृक्ष
विशेश - विशेष

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

एक × अनेक
बूढ़ा × जवान / युवा
बुद्धिमान × मूर्ख
छोटी × बड़ी
विश्वास × अविश्वास
चतुर × मूर्ख / बेवकूफ
ऊपर × नीचे
सच × झूठ

3. उचित क्रिया-शब्दों का प्रयोग करके वाक्यों को शुद्ध कीजिए-

(क) एक गाँव में एक किसान थी। — एक गाँव मे एक किसान था।

(ख) एक दिन बछड़ा गाय का दूध पी गई। — एक दिन बछड़ा गाय का दूध पी गया।

(ग) बूढ़ा हंस बहुत चतुर थी। — बूढ़ा हंस बहुत चतुर था।

(घ) बहेलिये ने जाल बिछा दी। — बहेलिये ने जाल बिछा दिया।

(ङ) हंस एक साथ उड़ गई। — हंस एक साथ उड़ गए।

4. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| वृक्ष | - | पेड़ | पादप / तरु |
| दिन | - | दिवस | दिवा |
| ज़मीन | - | धरती | भूमि |
| प्रातः | - | सुबह | सवेरा |
| पक्षी | - | खग | चिड़िया |

## पाठ से आगे

1. 'एकता से किए गए कार्य का परिणाम अच्छा होता है।' इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।

छात्र स्वयं करें -

2. 'अनुभव का महत्व' विषय पर पाँच पंक्तियाँ लिखिए-

(क) अनुभव जीवन जीने की कला सिखाता है।

(ख) अनुभव आने वाली कठिनाइयों के बारे में आगाह करता है।

(ग) अनुभव से हम किसी मुसीबत से बच सकते हैं।

(घ) अनुभव से हम किसी की सहायता कर सकते हैं।

(ङ) अनुभव होना जीवन की सार्थकता है।

## मौखिक

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) खड्गसिंह कौन था? वह बाबा भारती के पास क्यों आया था?
(ख) खड्गसिंह ने बाबा भारती से घोड़ा किस प्रकार लिया?
(ग) बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की?
(घ) खड्गसिंह के कानों में बाबा भारती के कौन-से शब्द गूँज रहे थे?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) बाबा भारती अपने घोड़े को क्या कहकर पुकारते थे?
(ख) बाबा भारती अपने घोड़े को देखकर क्या अनुभव करते थे?
(ग) बाबा भारती के घोड़े में क्या विशेषताएँ थीं?
(घ) घोड़े को देखकर खड्गसिंह ने क्या कहा?
(ङ) घोड़े को अस्तबल में बँधा देखकर बाबा भारती ने क्या कहा?

2. सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) बाबा भारती को अपनी गाय देखकर बड़ा आनंद प्राप्त होता था। ✗
(ख) खड्गसिंह ने कहा, "सुलतान की चाह इधर खींच लाई।" ✓
(ग) बाबा भारती ने कहा, "ज़रा ठहर जाओ।" ✓
(घ) घोड़े ने खड्गसिंह को पहचान लिया और ज़ोर से हिनहिनाया। ✗
(ङ) बाबा भारती सुलतान के गले से लिपट गए। ✓

3. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूरे कीजिए-

(क) अब ___गरीबों___ की सहायता से कोई मुँह न मोड़ेगा। (अमीरों/गरीबों)
(ख) बाबा जी आज्ञा कीजिए, मैं तो आपका ___दास___ हूँ। (दास/स्वामी)
(ग) खड्गसिंह ने सोचा- 'बाबा भारती के कैसे ___ऊँचे___ विचार हैं।' (नीचे/ऊँचे)
(घ) बाबा प्रतिदिन सुलतान पर चढ़कर ___आठ-दस___ मील का चक्कर ज़रूर लगाते थे। (दस-पंद्रह/आठ-दस)
(ङ) अचानक बाबा भारती के हाथ से ___लगाम___ छूट गई। (लगाम/चाबुक)

4. दिए गए मुहावरों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

(क) चाल पर लट्टू होना - मोहित होना

खड्गसिंह सुलतान की चाल पर लट्टू हो गया था।

(ख) दिल टूटना - निराश होना

खड्गसिंह की बातें सुनकर बाबा भारती का दिल टूट गया।

(ग) नेकी के आँसू आना - भला करने की खुशी होना

बाबा भारती की उच्च कोटि की बातें सुनकर खड्गसिंह की उ

## भाषा-बोध

1. दिए गए वर्णों को जोड़कर शब्द बनाइए-

(क) अ + प् + आ + ह् + इ + ज् + अ = अपाहिज

(ख) घ् + ओ + ड़् + आ = घोड़ा

(ग) ड् + आ + क् + ऊ = डाकू

(घ) ल् + अ + ग् + आ + म् + अ = लगाम

(ङ) ज़् + अ + म् + ई + न् + अ = ज़मीन

2. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| घोड़ा | घोड़े | आवाज़ | आवाज़ें |
| बेटा | बेटे | चीख | चीखें |
| रुपया | रुपये | बात | बातें |
| पैसा | पैसे | आँख | आँखें |
| महीना | महीने | प्रार्थना | प्रार्थनाएँ |
| कंगला | कंगले | घटना | घटनाएँ |

3. नीचे कुछ संज्ञा शब्द दिए गए हैं, उन्हें छाँटकर अलग-अलग लिखिए-

खड्गसिंह, सेवा, माँ, सुलतान, घोड़ा, प्रशंसा, बाबा भारती, आश्चर्य, रुपया

| व्यक्तिवाचक संज्ञा | जातिवाचक संज्ञा | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|
| खड्गसिंह | माँ | सेवा |
| सुलतान | घोड़ा | प्रशंसा |
| बाबा भारती | रुपया | आश्चर्य |

4. पाठ में सुलतान, खड्गसिंह और बाबा भारती की विशेषता बताने वाले अनेक शब्द आए हैं, उन्हें चुन
प्रत्येक शीर्षक के सामने लिखिए-

सुलतान - सुंदर, बलवान आदि
खड्गसिंह - प्रसिद्ध डाकू आदि
बाबा भारती - उच्च विचार, पवित्र भाव, देवता आदि।

## पाठ से आगे

1. "हम अपने व्यवहार से दूसरों के स्वभाव को बदल सकते हैं।" अपने सहपाठियों के साथ इस वि
पर बातचीत कीजिए। – छात्र स्वयं करें –

2. "जानवरों से प्रेम करना चाहिए।" इस विषय पर पाँच वाक्य लिखिए।

(क) जानवर हमारी भाँति संवेदनशील होते हैं।
(ख) ये हमारे लिए अनेक रूपों में लाभकारी होते हैं।
(ग) कुछ जानवर हमारे पीने के लिए दूध देते हैं तथा खेतों में भी कामक
(घ) कुछ जानवर हमारे घरों की रक्षा भी करते हैं।
(ङ) जानवर भी प्रेम के भूखे होते हैं। अतः हमें उनसे प्रेम करना चाहिए।

3. बाबा भारती ने बहुत ही सहजता के साथ खड्गसिंह को माफ़ कर दिया। अगर आप बाबा भारती
स्थान पर होते तो क्या करते? अपने विचार लिखिए।

छात्र स्वयं करें।

(ग) गुरु द्रोण की आँखों में आँसू क्यों आ गए?
(घ) गुरु जी ने युधिष्ठिर को क्या आशीर्वाद दिया?

2. निम्नलिखित कथन किसने-किससे कहा?

| | किसने | किससे |
|---|---|---|
| (क) "क्रोध मत करो।" | युधिष्ठिर ने | पाड़व एवं कौरव राजकुमारों से |
| (ख) "अब पाठ याद हो गया।" | युधिष्ठिर ने | गुरू द्रोणाचार्य से |
| (ग) "मैं अपने क्रोध पर काबू पाने में सफल हो गया।" | युधिष्ठिर ने | गुरू द्रोणाचार्य से |
| (घ) "मेरा आशीर्वाद सदा तेरे साथ है।" | गुरू द्रोणाचार्य ने | युधिष्ठिर से |

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-
(क) आशीर्वाद - गुरू द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर को आशीर्वाद दिया।
(ख) गुरु - गुरू का सम्मान करना चाहिए।
(ग) सत्य - सदा सत्य बोलना चाहिए।
(घ) राजकुमार - राजकुमार गेंद खेल रहे थे।
(ङ) आश्चर्य - द्रोणाचार्य, युधिष्ठिर को आश्चर्य से देखने लगे।

## भाषा-बोध

1. दिए गए वाक्यांशों को उचित शब्द से मिलाइए-

| | |
|---|---|
| 1 देखने वाले | असहाय 4 |
| 2 धनुष चलाने की विद्या | मृदुभाषी 3 |
| 3 जो मीठा बोलता हो | निर्बल 5 |
| 4 जिसका कोई सहारा न हो | दर्शक 1 |
| 5 जिसमें बल न हो | धनुर्विद्या 2 |
| 6 आँखों के सामने | मासिक 7 |
| 7 महीने में एक बार होने वाला | प्रत्यक्ष 6 |

2. दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए-
(क) मनुष्य = म् + अ + न् + उ + ष् + य् + अ
(ख) द्रोणाचार्य = द् + र् + ओ + ण् + आ + च् + आ + र् + य् + अ
(ग) प्रत्यन = प् + र् + अ + त् + य् + अ + न् + अ
(घ) छात्र = छ् + आ + त् + र् + अ
(ङ) आदर्श = आ + द् + अ + र् + श् + अ

3. दिए गए शब्दों को 'र' के विभिन्न रूपों के अनुसार उचित स्थान पर लिखिए-

धनुर्विद्या, द्रोण, गुरु, क्रोध, प्रयत्न, आशीर्वाद, शरीर, प्रेम, धर्म, हमारा, मार्ग, रक्षा

| 'र' | 'रेफ' | 'पदेन' |
|---|---|---|
| गुरु | धनुर्विद्या | द्रोण |
| शरीर | आशीर्वाद | क्रोध |
| हमारा | धर्म | प्रयत्न |
| रक्षा | मार्ग | प्रेम |

4. निम्नलिखित वाक्यों में कोष्ठक में से उपयुक्त विशेषण शब्दों को चुनकर भरिए-

(क) मैदान में ___कुछ___ बच्चे खेल रहे थे। (मीठे/कुछ)

(ख) ___अंतिम___ बाण कुएँ के ऊपर तक आ पहुँचा। (सुंदर/अंतिम)

(ग) युधिष्ठिर ने ___शांत___ भाव से उत्तर दिया। (शांत/उद्दंड)

(घ) कौरव तथा पांडव इस ___अद्भुत___ दृश्य को देख रहे थे। (भयानक/अद्भुत)

(ङ) ___असहाय___ बालक कुएँ में झाँक रहे थे। (असहाय/बहादुर)

## पाठ से आगे

1. प्राचीन काल में शिष्य शिक्षा लेने के लिए गुरु के आश्रम में जाकर रहते थे। उनके सभी दैनिक कार्य को भी करते थे। प्राचीन शिक्षा पद्धति एवं आज की शिक्षा पद्धति में क्या अंतर है? इसपर कक्षा में वार्तालाप कीजिए।

2. जिस दिन आपको गृहकार्य नहीं मिलता, उस दिन मन में आए हुए भाव लिखिए।

3. 'एक दिन आपने अपना गृहकार्य पूरा नहीं किया।' इस विषय पर अपने और अध्यापक के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए।

वीर, तुम बढ़े चलो

पाठ - 5

प्र०1 कविता के रचियता कौन है?
उ० कविता के रचियता द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी है।

प्र०2 कविता में वीर किसे कहा गया है?
उ० देश के युवाओं को वीर के रूप में प्रस्तुत करने को कहा गया है।

प्र०3 वीर के हाथ में क्या है?
उ० वीर के हाथ मे भारत का तिरंगा झंडा है।

प्र०4 कवि किससे आगे बढने के लिए कह रहा है?
उ० कवि वीर एवं धीर पुरुषों/युवाओं से आगे बढ़ने के लिए कह रहा है।

प्र०5 ध्वज क्यों नहीं झुकना चाहिए?
उ० ध्वज हमारा राष्ट्रध्वज है। इसका मान-सम्मान करना हमारा कर्तव्य है, अतः ध्वज को झुकने नही देना चाहिए।

प्र०6 वीरों को किसके तरह आगे बढने के लिए कहा गया है?
उ० देश के वीरो को वीरता एवं धैर्य के साथ निरंतर सूर्य व चंद्रमा के समान प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए कहा गया है।

प्र०7 इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
उ० इस कविता से हमें निरंतर प्रगति के पथ पर धैर्य के साथ आगे बढ़ने की शिक्षा मिलती है।

Date __/__/____

पाठ - 6 महान वैज्ञानिक
चंद्रशेखर वेंकटरमन

प्र०1 रमन का जन्म किस वर्ष में और कहाँ हुआ था?

उ० सन् 1883 मे तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली जिले के अय्यनपेटै गाँव में हुआ था।

प्र०2 रमन के माता-पिता का क्या नाम था?

उ० रमन की माता का नाम पार्वती अम्मल और पिता का नाम चंद्रशेखर अय्यर था।

प्र०3 चंद्रशेखर वेंकटरमन की रुचि किस विषय मे थी?

उ० चंद्रशेखर वेंकटरमन की रूचि विज्ञान विषय मे थी।

प्र०4 चंद्रशेखर ने कहाँ तक शिक्षा प्राप्त की?

उ० चंद्रशेखर ने एम० एस० सी० की शिक्षा प्राप्त की।

प्र०5 रमन को रायल सोसाइटी का सदस्य कब नियुक्त किया गया?

उ० रमन को रायल सोसाइटी का सदस्य 1923 ई० में नियुक्त किया गया।

पाठ 6 महान वैज्ञानिक
चंद्रशेखर वेंकटरमन

प्र०1 रमन की शिक्षा - दीक्षा के विषय में संक्षेप में लिखिए।

उ० रमन ने 13 वर्ष की अवस्था में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद स्नातक फिर एम० एस० - सी० की परीक्षा पास की।

प्र०2 वैज्ञानिक रमन शिकागो क्यों गए थे?

उ० वैज्ञानिक रमन सन् 1927 में शिकागो में होने वाले विश्वविद्यालय कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित होने गए थे।

प्र०3 रमन के अनुसंधान का मुख्य विषय क्या था?

उ० रमन के अनुसंधान का मुख्य विषय था - "आकाश एवं समुद्र के पानी का रंग नीला क्यों है?"

प्र०4 उनकी किस खोज पर उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला?

उ० प्रकाश के विकिरण अर्थात् 'रमन प्रभाव' के लिए उन्हें नोबल पुरस्कार मिला।

प्र०5 रमन के अनुसार एक सच्चे वैज्ञानिक में क्या विशेषताएँ होनी चाहिए?

उ० रमन के अनुसार, "सच्चा वैज्ञानिक देश, राष्ट्र और जाति की सीमाओं से बँधा नहीं होता। वह वैज्ञानिक खोजों से मानव मात का कल्याण करना चाहता है"

Page No.: ______

Date __/__/____

कार्बन चक्र

पाठ - 7

प्र1 पेड़-पौधे को कार्बन डाई-आक्साइड कहाँ से मिलती हैं?

उ॰ पेड़-पौधे को कार्बन डाई-ऑक्साइड सूरज की रोशनी से मिलती है।

प्र2 कौन-कौन सी चीजें जल सकती हैं?

उ॰ कार्बनयुक्त सभी चीज़ें जल सकती हैं।

प्र3 जानवरों को कार्बन कैसे मिलता है?

उ॰ पेड़-पौधो और मांसाहारी जानवरों के सेवन द्वारा जानवरों को कार्बन मिलता है।

प्र4 तेल क्यों जलता है?

उ॰ तेल में कार्बन होता है, इसी कारण यह जलता है।

प्र5 धरती किससे बनी है?

उ॰ हमारी धरती मिट्टी और रेत से बनी है।

प्र6 हीरे की क्या विशेताएँ होती हैं?

उ॰ हीरा दुनिया मे सबसे कठोर वस्तु है। हीरा ही हीरे को काट सकता है, हीरे को अन्य कोई चीज़ नही काट सकती। हीरे की कनियों से बनी चकरी बड़ी आसानी से पहाड़ो को काटकर उसमें सुरंग बना देती है। यह एक मूल्यवान धातु है।

प्र7 कोयला कैसा होता है? विस्तार में लिखिए।

कोयला काला होता है। यह भी कार्बन का ही एक रूप है। जब लकड़ी जलकर पृथ्वी के नीचे दब गई तो यह काले पत्थर के रूप मे हो गई। यह एक ज्वलनशील पदार्थ है।

Chitra

"In a gentle way, you can shake the world." —Mahatma Gandhi

Page No.: ______

Date __/__/____

प्र०8 कार्बन - डाई - ऑक्साइड़ कैसा तत्व है तथा इससे क्या-क्या हानियाँ है?

उ० कार्बन डाई- आक्साइड़ एक विषैला तत्व है। यह वायु मे जब मिल जाता है तो इसकी उपस्थिति मे साँस लेने से दम घुटने लगता है।

प्र०9 हवा को प्रदूषण से बचाने के लिए किन उपायों का पालन करना चाहिए?

उ०
- ऐसे ईंधन का प्रयोग करना चाहिए, जो कम धुआँ देता हो।
- कूड़ा - करकट, पुराने टायर आदि को नही जलाना चाहिए।
- धुँए के वातावरण मे रहना हो, तो गीले कपडे से नाक बंद कर ले और जल्दी से उस वातावरण से निकल जाना चाहिए।

Date __/__/____ Page No.: ____

पाठ - 8 क्रिसमस केक

प्र.1 25 दिसंबर को किसका जन्मदिन मनाया जाता है ?
उ 25 दिसंबर को ईसा मसीह का जन्मदिन मनाया जाता है।
प्र.2 बालक ने केक कैसे खरीदा ?
उ बालक ने एक व्यक्ति दुवारा दिए गए पैसो से केक खरीदा।
प्र.3 बालक ने बूढ़े व्यक्ति की मदद कैसे की ?
उ बालक ने बूढ़े व्यक्ति की मदद केक देकर की।
प्र.4 बूढ़े की मदद करने के बाद बालक क्यो खुश था ?
उ बूढ़े की मदद करने के बाद बालक खुश था क्योंकि उसने एक भूखे की मदद की थी।
प्र.5 पाठ से क्या सीख मिलती है ?
उ हमें गरीब, भूखे एवं असहाय की मदद करनी चाहिए।
प्र.6 केक खरीदने के बाद बालक ने क्या सोचा ?
उ लोगों की दया से मुझे भी केक मिल गया। अब मैं और इंतजार नही कर सकता। मैं जल्दी से घर पहुँचकर दादा जी के साथ मिलकर क्रिसमस मनाऊँगा और यह केक उनके साथ बाँटकर खाऊँगा।
प्र.7 केक लेकर घर जाते समय उसे रास्ते में कौन मिला ?
उ केक लेकर घर जाते समय रास्ते में एक भूखा फटे-पुराने कपड़े पहने बूढ़ा व्यक्ति मिला जो ठंड से काँप रहा था।
प्र.8 बालक की अंतरात्मा के क्या भाव थे ?
उ रुको। तुम इस बूढ़े को छोड़कर कैसे जा सकते हो ? यह बूढ़ा लाचार है और तुम तो मजबूत हो। यह भूख से तड़प रहा है। और तुम्हारे पास केक है

"In a gentle way, you can shake the world." —Mahatma Gandhi

Page No.: ____

Date __/__/____

जो इसकी जान बचा सकता है। दे दो इसे, नहीं तो यह मर जाएगा।

प्र॰9 बालक दरवाज़ा खोलने पर किसको देखता है?

उ॰ बालक दरवाज़ा खोलने पर एक तेजस्वी व्यक्ति (देवदूत) को देखता है, जिसने सफ़ेद वस्त्र पहन रखे हैं।

प्र॰10 देवदूत ने बालक से क्या कहा?

उ॰ मैं वही गरीब बूढ़ा हूँ जिसे तुमने अपना केक दिया था।

"Culture is the ...

Date __/__/____ Page No.: ______

पाठ - 4

# मैं हूँ चार्ली चैपलिन

प्रश्न चार्ली का बचपन किन परिस्थितियों में बीता ?

उ० चार्ली का बचपन काफ़ी संघर्ष से गुजरा। उन्हें बचपन से ही कार्य करना पड़ा जिससे घर का खर्च चल सके।

प्र०2 उसके परिवार पर किस तरह की विपत्तियाँ आई ?

उ० चार्ली के पिता का साथ न होने के कारण कई कठिनाइयों का सामना पड़ा (अखबार बेचना पड़ा, प्रेस में छपाई करना पड़ा, आदि) चार्ली को अपनी माँ के साथ थियेटर में दिन-रात काम करना पड़ा।

प्र०3 मैनेजर ने चार्ली को मंच पर क्यों खड़ा कर दिया ?

उ० जब चार्ली की माँ का अचानक मंच पर स्वर लड़खड़ा गया और लोग शोर मचाने लगे तब चार्ली को मैनेजर ने मंच पर नाट्य प्रदर्शन के लिए खड़ा कर दिया।

प्र०4 चार्ली ने मंच पर दर्शकों का मनोरंजन किस प्रकार किया ?

उ० चार्ली ने मंच पर दर्शकों का मनोरंजन नृत्य, गायन और नकल उतारकर किया।

प्र०5 "मैं कभी सेवा निवृत्त नहीं हो सकता -" चार्ली ने ऐसा क्यों कहा ?

उ० चार्ली चैपलिन ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि वह बहुत सारे काम करना चाहता था। इसलिए वह कभी-कभी अपनी छत पर बैठकर सूर्यास्त देखा करता था।

Chitra

Page No.: 18

Date / /

प्र०1 चार्ली की माँ क्या काम करती थी ?

उ० चार्ली की माँ थियेटर में गाना गाने का काम करती थी।

प्र०2 चार्ली की माँ उसके पिता के साथ क्यों नहीं रहती थी ?

उ० चार्ली की माँ उसके पिता के शराब पीने की बुरी लत के कारण साथ नहीं रहती थी।

प्र०3 चार्ली के पिता कैसे दिखते थे ?

उ० चार्ली के पिता नेपोलियन की तरह दिखते थे।

प्र०4 जीवन यापन के लिए चार्ली ने क्या-क्या काम किए ?

उ० जीवन यापन के लिए चार्ली ने स्टेज पर नृत्य एवं गायन का कार्य किया।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क) कविता के रचयिता कौन हैं?

(ख) कविता में वीर किसे कहा गया है?

(ग) वीर के हाथ में क्या है?

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) कवि किससे आगे बढ़ने के लिए कह रहा है?

(ख) ध्वज क्यों नहीं झुकना चाहिए?

(ग) वीरों को किसकी तरह आगे बढ़ने के लिए कहा गया है?

(घ) इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

2. कविता की दी गई पंक्तियों की व्याख्या अपने शब्दों में कीजिए-

प्रात हो कि रात हो, – सुबह हो या रात हो
संग हो न साथ हो। – किसी का साथ हो न हो
सूर्य से बढ़े चलो, – फिर भी सूर्य एवं चंद्रमा की
चंद्र से बढ़े चलो। भाँति निरंतर आगे बढ़ते रहो।

3. 'ध्वज कभी झुके नहीं, दल कभी रुके नहीं।' पंक्तियाँ क्या संदेश देती हैं?

→ यह पंक्ति हमें अपने राष्ट्र ध्वज के सम्मान को बनाए रखने एवं दल के निरंतर आगे बढ़ने का संदेश देती है।

4. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए-

प्रात हो कि रात हो
संग हो न साथ हो
सूर्य से बढ़े चलो,
चंद्र से बढ़े चलो।

वीर तुम बढ़े चलो,
धीर, तुम बढ़ चलो।

5. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

सामने - शेर को सामने देखकर रघु डर गया।
निडर - रवि निडर लड़का है।
वीर - वीर देश की रक्षा करते हैं।
सिंह - सिंह जंगल का राजा है।
ध्वजा - हमें ध्वजा को झुकने नही देना चाहिए।
पहाड़ - हिमालय पहाड़ भारत के उत्तर में है।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| ध्वज | - | झंडा | पताका |
| पहाड़ | - | गिरि | भूधर |
| मेघ | - | घन | बादल |
| बिजली | - | विद्युत | तड़ित |
| सूर्य | - | दिनकर | सूरज |
| चंद्र | - | चाँद | मयंक |

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वीर | × | कायर | निडर | × | डर (डरा हुआ) |
| प्रात | × | सायं | रात | × | दिन |
| झुकना | × | उठना | रुकना | × | चलना |

3. कविता में से तुकांत शब्द चुनकर लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| वीर | धीर | नहीं | वहीं |
| ध्वजा | सजा | गरजते | बरसते |
| झुके | रुके | कड़क | तड़क |
| पहाड़ | दहाड़ | प्रात | रात |

4. कविता में आए पाँच संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए-

हाथ　　ध्वजा　　दहाड़

सिंह　　मेघ

## पाठ से आगे

1. तिरंगे को देखकर आपके मन में कैसी भावनाएँ आती हैं? कक्षा में चर्चा कीजिए।

2. देश की रक्षा करनेवाले सिपाहियों पर पाँच वाक्य लिखिए-

(क) ये देश सेवा में तत्पर रहते हैं।

(ख) ये अपना घर-परिवार छोड़कर सरहदों पर रहते हैं।

(ग) ये अपना जीवन बिना किसी लाभ के समर्पित करते हैं।

(घ) ये हमारी और देश की रक्षा करते हैं।

(ङ) ये कभी-कभी अपने प्राणों की आहुति भी दे देते हैं।

. 'आप बड़े होकर सैनिक बनना चाहते हैं।' इस विषय को लेकर अपने पिता जी के साथ हुई बातचीत

(ग) रमन के अनुसंधान का मुख्य विषय क्या था?
(घ) उनकी किस खोज पर उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला?
(ङ) रमन के अनुसार एक सच्चे वैज्ञानिक में क्या विशेषताएँ होनी चाहिए?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
(क) उनके पिता चंद्रशेखर अय्यर भौतिक विज्ञान के टीचर थे।
(ख) रमन बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली थे।
(ग) शरीर तो उनका बहुत दुबला-पतला था।
(घ) यह नीलिमा तो पानी के भीतर से ही आ रही है।
(ङ) इस महान वैज्ञानिक को भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया।

3. निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-
स्वभाव - चंद्रशेखर स्वभाव से नम्र थे।
होशियार - चंद्रशेखर पढ़ने-लिखने में होशियार थे।
तीक्ष्ण - चंद्रशेखर तीक्ष्ण बुद्धि बालक थे।
बचपन - रमन बचपन से ही बहुत प्रतिभाशाली थे।
रुचि - रमन की रुचि विज्ञान विषय में थी।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के समान अर्थवाले शब्द लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| उपकरण - औज़ार | | कीर्ति - यश, प्रसिद्धि | |
| विलक्षण - विशेष लक्षणयुक्त | | प्रकाशित - छपा हुआ | |
| मैगज़ीन - पत्रिका | | सर्वोच्च - सबसे ऊँचा | |
| विलायत - विदेश | | उज्ज्वल - रौशन, प्रकाशित | |

2. वाक्यों में विशेषण और विशेष्य को रेखांकित करके लिखिए-
इस दुबले-पतले विद्यार्थी को देखकर उन्हें लगा, शायद किसी छोटी क्लास का बच्चा भूल से उनकी क्लास में आकर बैठ गया है। शरीर तो उनका बहुत दुबला-पतला था, किंतु बुद्धि बहुत तीक्ष्ण थी।
विशेषण - दुबले-पतले, छोटी, तीक्ष्ण।
विशेष्य - विद्यार्थी, क्लास, बुद्धि।

3. पढ़िए और समझिए- उच्च, उच्चतर, उच्चतम।

इसी प्रकार नीचे लिखे विशेषणों से नए शब्द बनाइए-

| | | |
|---|---|---|
| प्रखर - | प्रखरतर | प्रखरतम |
| दिव्य - | दिव्यतर | दिव्यतम |
| समीप - | समीपतर | समीपतम |
| जटिल - | जटिलतर | जटिलतम |
| सुगम - | सुगमतर | सुगमतम |

4. 'स्वस्थ' शब्द में 'अ' शब्दांश लगाने से 'अस्वस्थ' बनता है।

इसी प्रकार नीचे दिए गए शब्दों में उचित शब्दांश लगाकर नए शब्द बनाइए-

**बे, अ, बद, कु, स, प्रति**

स्वीकृति - अस्वीकृति

प्रेम - सप्रेम

रंग - बेरंग

दिन - प्रतिदिन

नाम - बदनाम

प्रभाव - कुप्रभाव

5. दिए गए वाक्यांशों के लिए पाठ में से ढूँढ़कर एक शब्द लिखिए-

जिज्ञासा रखने वाला - जिज्ञासु

स्नेह का पात्र - स्नेहपात्र

## पाठ से आगे

1. आपके सहपाठियों में स्वयं पर घमंड करनेवाला सहपाठी कौन है? उसके बारे में चर्चा कीजिए।

2. वेंकटरमन जिज्ञासु प्रवृत्ति के थे। आप किस प्रवृत्ति के हैं? अपने बारे में पाँच वाक्य लिखिए।

3. भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिकों के चित्र चार्ट पेपर पर चिपकाइए तथा उनके बारे में दो-दो वाक्य लिखिए।

2. सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (X) का चिह्न लगाइए-

(क) जलने के लिए प्राणवायु की आवश्यकता होती है। ✓

(ख) पेड़-पौधे हवा से ऑक्सीजन लेते हैं। X

(ग) जानवर पेड़-पौधों को खाते हैं। ✓

(घ) पेट्रोल को जलने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। X

(ङ) कार्बन वातावरण का विषैला तत्व है। ✓

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) कार्बन से पेड़-पौधों का आकार बढ़ता है।

(ख) शिकारी जानवर दूसरे जानवरों को खाते हैं।

(ग) गीली लकड़ी जलने पर अधिक धुआँ देती है।

(घ) धुंएदार कमरे में साँस घुटती है।

(ङ) हम हवा को प्रदूषित न करें।

(च) धुएँ के वातावरण में रहना हो, तो गीले कपड़े से नाक बंद कर लें।

## भाषा-बोध

1. 'ई' लगाकर नए शब्द बनाइए- जैसे- सख्त + ई = सख्ती।

(क) गरम + ई = गरमी

(ख) बदलता + ई = बदलती

(ग) रोशन + ई = रोशनी

(घ) जलता + ई = जलती

(ङ) उठता + ई = उठती

2. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नरम | × | गरम | आसान | × | कठिन |
| अंदर | × | बाहर | शुद्ध | × | अशुद्ध |
| लेना | × | देना | छोटा | × | बड़ा |
| सख्त | × | कठोर | थोड़ा | × | कम |
| सूखा | × | गीला | ज़िंदा | × | मरा |

3. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

ज़मीन - धरती धरा

हीरा - मणि हीरका

खेत - क्षेत कृषि ज़मीन

रेत - बालू बालुका

जल - पानी नीर

4. नीचे दिए गए गद्यांश में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करके लिखिए-

हम कोयले से तोड़ सकते हैं। हम कोयले से उसकी तुलना में लकड़ी से बना कोयला नरम चीज़ है। उसे हम हाथ से भी तोड़ सकते हैं। हम कोयले से पत्थर पर लिख सकते हैं। यह उससे थोड़ा सख्त होता है क्योंकि वह ज़मीन के अंदर से निकलता है।

उसकी, उसे, हम, यह, उससे, वह

## पाठ से आगे

1. वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए? कक्षा में बातचीत कीजिए।

— छात्र स्वयं करें।

2. अगर हम धुएँ में साँस लें तो क्या होगा? पाँच वाक्य लिखिए।

(क) दम घुटने लगेगा।

(ख) हमें बेचैनी महसूस होने लगेगी।

(ग) गले मे जलन होने लगेगी।

(घ) हमें डॉक्टर के पास जाना पड़ सकता है।

(ङ) शायद हमारे जीवन के लिए खतरा उत्पन्न हो सकता है।

3. 'पर्यावरण बचाओ' पर एक पोस्टर बनाइए और एक नारा भी लिखिए।

छात्र स्वयं करें।

## खित

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) केक खरीदने के बाद बालक ने क्या सोचा?

(ख) केक लेकर घर जाते समय उसे रास्ते में कौन मिला?

(ग) बालक की अंतरात्मा के क्या भाव थे?

(घ) बालक दरवाज़ा खोलने पर किसको देखता है?

(ङ) देवदूत ने बालक से क्या कहा?

किसने, किससे और क्यों कहा?

| | | किसने | किससे |
|---|---|---|---|
| (क) | "मैं भी क्रिसमस मनाना चाहता हूँ।" | एक गरीब बच्चे ने | स्वयं से |
| (ख) | "दे दो इसे। नहीं तो यह मर जाएगा।" | बच्चे की अंतरात्मा ने | बच्चे से |
| (ग) | "तुमने एक नेक कार्य किया है।" | देवदूत ने | बच्चे से |

क्यों? (क) क्योंकि क्रिसमस का दिन था लेकिन वह केक नहीं खरीद सकता था।

(ख) क्योंकि उसे लगा कि बूढ़े भूखे व्यक्ति को केक की अधिक आवश्यकता है।

(ग) क्योंकि बच्चे ने एक गरीब, भूखे व्यक्ति की सहायता की थी।

निम्नलिखित शब्दों का वाक्य-प्रयोग कीजिए-

क्रिसमस - 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्योहार मनाया जाता है।

ख़ुशी - केक पाकर बच्चा खुशी से झूम उठा।

अंतरात्मा - बच्चे ने अपनी अंतरात्मा की बात सुनी।

मज़बूत - देवदूत ने बच्चे से कहा, 'तुम मज़बूत हो।'

मदद - हमें असहाय, गरीब एवं भूखे लोगों की मदद करनी चाहिए।

## -बोध

दिए गए शब्दों में ' ु ' या ' ू ' की मात्रा लगाकर नया शब्द बनाइए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| ढ़ा | बूढ़ा | देवदत | देवदूत |
| शी | ख़ुशी | भख | भूख |
| कारा | पुकारा | पहँचकर | पहुँचकर |
| चमच | सचमुच | बहत | बहुत |

2. दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुश | - | प्रसन्न | वक्त | - | समय |
| माँ | - | माता | इंतज़ार | - | प्रतीक्षा |
| बूढ़ा | - | वृद्ध | ठंड | - | जाड़ा / शीतल |
| दया | - | करुणा | मदद | - | सहायता |
| इच्छा | - | अभिलाषा | ज़्यादा | - | अधिक |

3. (क) दिए गए वाक्यांशों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए-

असमर्थ, हितैषी, याचक, उपकारी

| | |
|---|---|
| उपकार करनेवाला | उपकारी |
| माँगनेवाला | याचक |
| भला या हित चाहनेवाला | हितैषी |
| जिसमें कुछ करने/खरीदने की शक्ति न हो | असमर्थ |

(ख) पाठ में ये विशेषताएँ किसकी हैं? दिए गए स्थान में लिखिए-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| याचक | - | वृद्ध भूखा व्यक्ति | हितैषी | - | बालक |
| असमर्थ | - | वृद्ध भूखा व्यक्ति | उपकारी | - | बालक |

## पाठ से आगे

1. "हम त्योहार क्यों मनाते हैं?" - इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।
2. आपके विद्यालय में 'क्रिसमस' किस प्रकार मनाया जाता है? एक अनुच्छेद लिखिए।
3. मान लीजिए आपके पड़ोस में कोई ऐसा बच्चा है जिसके पास त्योहार मनाने के लिए पैसे नहीं हैं। तो आप उसके साथ त्योहार की खुशियाँ कैसे बाँटेंगे?

-> छात्र स्वयं करें।

## लिखित

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-

(क) चार्ली का बचपन किन परिस्थितियों में बीता?

(ख) उसके परिवार पर किस प्रकार की विपत्तियाँ आईं?

(ग) मैनेजर ने चार्ली को मंच पर क्यों खड़ा कर दिया?

(घ) चार्ली ने मंच पर दर्शकों का मनोरंजन किस प्रकार किया?

(ङ) "मैं कभी सेवा-निवृत्त नहीं हो सकता।"- चार्ली ने ऐसा क्यों कहा?

2. सही कथन के सामने (✓) और गलत कथन के सामने (✗) का चिह्न लगाइए-

(क) चार्ली में बहुत आत्मविश्वास था। ✓

(ख) दर्शकों ने चार्ली को बहुत पसंद किया। ✓

(ग) चार्ली के माता-पिता धनवान थे। ✗

(घ) चार्ली की माँ बच्चों को चर्च में छोड़कर जाती थी। ✗

(ङ) चार्ली की सफलता से नाटक मंडली का प्रबंधक प्रसन्न था। ✓

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(क) जब वे लौटतीं तो हमारी मेज़ पर स्वादिष्ट व्यंजन रख देतीं।

(ख) दर्शकों ने तालियाँ बजाकर उनकी उपस्थिति का भी स्वागत किया।

(ग) एक दिन क्लर्क ने मेरा सारा विवरण नोट कर लिया।

(घ) परदे के पीछे मैं बेचैनी से चहलकदमी कर रहा था।

(ङ) वहाँ भी अभिनेत्रियों और अभिनेताओं की कतार लगी होती।

## भाषा-बोध

1. दिए गए शब्दों के वचन बदलिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाना | - गाने | खिलौना | - खिलौने |
| ताली | - तालियाँ | मेज़ | - मेज़े |
| फ़िल्म | - फ़िल्में | सिक्का | - सिक्के |
| आवाज़ | - आवाज़े | कमरा | - कमरे |
| सूचना | - सूचनाएँ | याद | - यादें |

2. दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

| | | | |
|---|---|---|---|
| दुनिया | - | विश्व | संसार |
| घर | - | आलय | भवन / गृह |
| सूर्य | - | भानु | दिनकर |
| पर्वत | - | पहाड़ | भूधर |
| माँ | - | माता | जननी |

3. एक शब्द को दूसरे शब्द से जोड़ने वाले चिह्न 'कारक' कहलाते हैं।.

निम्नलिखित वाक्यों को तालिका में दिए गए उचित कारक शब्दों से पूरा कीजिए-

ने, से, पर, में, से, का

माँ बताती है मेरी दुनिया हँसी खुशी से भरी थी। वे हम दोनों भाईयों से बहुत प्यार करती थी। तब दर्शकों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उसने मुझे रंगमंच पर खड़ा कर दिया। माँ मुझे मंच से लिवा लेने के लिए आईं। मैंने प्रेस में छपाई का काम किया।

4. नीचे लिखे वाक्यों को पढ़िए-

- माँ मुझे थियेटर ले जाती थी। - सरल वाक्य
- क्या माँ मुझे थियेटर ले जाती थी? - प्रश्नवाचक वाक्य
- माँ मुझे थियेटर नहीं ले जाती थी। - निषेधवाचक वाक्य

इसी प्रकार नीचे दिए गए वाक्यों को बनाइए-

(क) मेरे पिता की आवाज़ रोबीली थी।

प्रश्नवाचक वाक्य - क्या मेरे पिता की आवाज़ रोबीली थी?

निषेधवाचक वाक्य - मेरे पिताजी की आवाज़ रोबीली नहीं थी।

(ख) मैंने माँ की नकल उतारी।

प्रश्नवाचक वाक्य - क्या मैंने माँ की नकल उतारी?

निषेधवाचक वाक्य - मैंने माँ की नकल नहीं उतारी।

(ग) माँ इस बात पर सहमत था।

प्रश्नवाचक वाक्य - क्या माँ इस बात पर सहमत थी?

निषेधवाचक वाक्य - माँ इस बात पर सहमत नहीं थी।

(घ) उन्होंने मेरी प्रशंसा की।

प्रश्नवाचक वाक्य - क्या उन्होंने मेरी प्रशंसा की?

निषेधवाचक वाक्य - उन्होंने मेरी प्रशंसा नहीं की।